Title: Reg: Need to resolve the problems faced by cotton producers and exporters.

श्री रामदास तडस (वर्धा) : माननीय वस्त्र मंत्री जी से निवेदन है कि विदर्भ के वर्धा, अमरावती, चंद्रपुर, यवतमाल अकोला नागपुर वाशिम जिले में कपास की खेती सबसे ज्यादा होती है एंव कपास पर ही सभी किसान मूलतः आश्रित हैं ।

कपास उत्पादको एवं निर्यातकों की मांग है कि जिस तरह चीनी के निर्यात में हर वर्ष सरकार अनुदान देती है उसी तरह कपास के निर्यात में भी सब्सिडी देने की जरूरत है क्योंकि कई बार विदेशों में कपास का भाव बहुत कम होने से भारत के कपास निर्यातकों एवं उत्पादको को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इस वर्ष अमेरिका में कपास में काफी मंदी है, जिस कारण भारत के कपास निर्यातकों की काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है, इस लिए प्रतिवर्ष कम से कम 50 से 60 लाख गांठे निर्यात करने का व्यवस्था जब तक नही करेगी तब तक कपास उत्पादको एंव निर्यातकों को घाटे में भरपाई नही हो सकेगा ।

अंतः मैं माननीय वस्त्र मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि कपास उत्पादको एंव निर्यातकों के समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें।